## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– ड्रग मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, 12 मामलों में 29 ड्रग तस्करों को अदालत ने ठहराया दोषी ।
2. भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने राज्यवासियों को किया आश्वस्त, सही कागजात होने पर भूमि संबंधित कार्यों का समय पर पारदर्शिता के साथ होगा निराकरण ।
3. झारखंड के लिए खास होगा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे, गुजरात में कल प्रधानमंत्री के साथ बैठक में पलामू के प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव होंगे शामिल ।
4. प्रधानमंत्री ने देशवासियों को रमजान की दी शुभकामनाएं, समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिलने की कामना की, मुख्यमंत्री ने भी दी मुबारकबाद ।
5. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत का न्यूजीलैंड से होगा सामना ।

*********************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ड्रग मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया है कि पूरे देश से बारह अलग–अलग मामलों में 29 मादक पदार्थ तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ये तस्कर युवाओं को नशे की गिरफ्त में लाकर उनका जीवन नष्ट कर देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उनकी सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जाँच–पड़ताल के साथ, नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना जारी रखेगी।

*********************

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। इससे पहले मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा उठा था। आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आशंका को दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर के मामले में विशिष्ट ईपीआईसी नंबर प्रदान किया जाएगा।

*********************

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने सोशल मीडिया एक्स पर राज्यवासियों को आश्वस्त किया है कि भूमि संबंधित जो भी कार्य जिनके सभी कागजात सही है, उनका समय पर पारदर्शिता के साथ निराकरण होगा। इसका सुदृढ़ उपाय किया जा रहा है। यह बहुत जल्द ही क्रियाशील होगा। मंत्री ने अपने विभाग के सभी अधिकारियों को जानकारी दी है कि बजट सत्र के बाद वे सभी जिलों के अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। त्रुटियां पाए जाने पर उनके सुधार के लिए निर्णय भी लिए जाएंगे ।

*********************

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने देवघर में आयोजित बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा की । उन्होंने हरेक पंचायत सचिवालय को पूरी तरह से क्रियाशील होने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय में जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर ग्राम पंचायतों

की चयनित योजनाओं की ऑनलाइन इंट्री होनी चाहिए साथ ही बीडीओ को पंचायत सचिवालय का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

*********************

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू अपने दौरे के दूसरे चरण में छह मार्च को पांच दिवसीय प्रवास पर झारखंड पहुंचेंगे। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि इस दौरान वे जिला, प्रखण्ड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

*********************

देशभर के किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पोस्ट बजट वेबिनार के माध्यम से जुड़े। धनबाद के जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदलना है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कामना की कि रमजान से समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी माहे रमजान की सभी को दिली मुबारकबाद दी । सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सभी के स्वास्थ्य सुख और समृद्धि की कामना की ।

*********************

तीन मार्च को वि□व वन्य जीव दिवस के मौके पर गुजरात के गिर नेशनल पार्क में नेशनल बोर्ड ऑफ वर्ल्ड लाइफ की बैठक में पलामू के प्रोफेसर डी एस श्रीवास्तव भी भाग लेंगे। वर्ल्ड लाइफ के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। गिर नेशनल पार्क में आयोजित इस बैठक में चार एनडीओ को आमंत्रित किया गया है । इसमें पलामू के नेचर कंजर्वेशन सोसायटी भी शामिल है । प्रोफेसर डी एस श्रीवास्तव नेचर कंजर्वेशन सोसायटी के संस्थापक हैं और 70 के दशक से वन्य जीव संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं।

*********************

दुमका जिले में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं।

*********************

राज्य के सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। शनिवार को सबसे अधिक तापमान 38 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा का रिकॉर्ड किया गया।

*********************

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में कल कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जमशेदपुर एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी के बीच मुकाबला 1–1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। ईस्ट बंगाल आज कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में बेंगलुरु एफसी के साथ खेलेगी। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

*********************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद ढाई बजे शुरू होगा।

- ********************

- धनबाद के  धनसार थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा प्रोजेक्ट  में कल रात ड्यूटी के दौरान एक सीआईएसएफ जवान ने खुद को गोली मार ली। प्रारंभिक इलाज के बाद जवान को गंभीर हालत में दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है।
- फाल्गुन मास में देवघर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर का पट खुलने से पहले श्रद्धालुओं की कतार मानसरोवर तक पहुंच गयी। जिसको लेकर बाबा मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने मंदिर में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की है.।
- राज्य के सरकारी और निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन के लिए 18 मई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

*******समाप्त**************